# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

Time - 3 Hours | **Class - VIII** | M.M. : 80

Date – 14.09.2022 (Wednesday)

**Name of the student** ______________________________ **Section** ________

**सामान्य निर्देश -**

- **इस प्रश्न-पत्र में 2 खंड हैं - खंड अ और खंड ब |**
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं | यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए |**

## खंड 'अ'

**प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

युवा शक्ति किसी भी देश का प्राण और भविष्य होती है | जिस देश की युवा शक्ति भटक जाती है, उस देश को अवनति के गर्त में गिरने से कोई नहीं बचा सकता | दुर्भाग्यवश, आज भारत की अधिकांश युवा शक्ति दिशाहीन है | अपराधियों की सूची में युवाओं की तादाद अधिक है | लूट-खसोट, डाकाजनी, चोरी, हत्याकांड आदि में अधिकतर युवा वर्ग लिप्त पाया जाता है | यहाँ अशिक्षित युवा वर्ग तो दिशाहीन है ही, शिक्षित युवा वर्ग भी दिशाहीन है | वह बी.ए., एम.ए. कर बेरोजगारों की लम्बी कतार में जा खड़ा होता है | उसे समझ में नहीं आता कि वह क्या करे | दूसरी ओर उच्चस्तरीय जीवन-शैली उसे आकृष्ट करती है | उसे भी मोबाइल, मोटरकार, बंगले आदि की इच्छा होती है | ऐसी कर्महीन इच्छाएँ उसे अपराधों की ओर ढकेल देती हैं | शिक्षा को रोजगार से जोड़कर और पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा अनिवार्य कर इस दिशाहीनता को काफी हद तक कम किया जा सकता है |

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा ? (1)

[i] देश का भविष्य : युवा वर्ग  [ii] देश का आधार : बुज़ुर्ग

[iii] देश की ख़ुशी : बच्चे  [iv] इनमें से कोई नहीं

(ख) युवा वर्ग कैसी घटनाओं में सम्मिलित पाया जाता है ? (1)

[i] लूट-खसोट,  [ii] चोरी, डाकाजनी

[iii] हत्याकांड  [iv] सभी सही है

(ग) भारत के लिए दुर्भाग्य की बात क्या है ? (1)

[i] युवकों का जागृत होना  [ii] युवा शक्ति का दिशाहीन होना

[iii] पढ़ाई पर ध्यान न देना  [iv] वैज्ञानिक उन्नति न होना

(घ) किसी भी देश की युवा-शक्ति के भटकने पर क्या होता है ? (1)

[i] देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने लगता है  [ii] देश अवनति के गर्त में गिर जाता है

[iii] देश में युवकों को अधिक सुविधाएँ मिल जाती है  [iv] देश में युवकों को आरक्षण प्रदान किया जाता है

**प्रश्न-2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

मनमोहिनी प्रकृति की गोद में बसा है
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है वह देश कौन-सा है ?

जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है
जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही है
सींचा हुआ सलोना वह देश कौन-सा है ?

(क) प्रकृति को कैसा बताया गया है ? (1)

[i] मनमोहिनी [ii] स्वर्ग-सी [iii] प्यारी [iv] न्यारी

(ख) 'रत्नेश' शब्द किसका पर्यायवाची है ? (1)

[i] आकाश का [ii] धरती का [iii] सूर्य का [iv] सागर का

(ग) वह देश कौन-सा है जिसका मुकुट हिमालय है ? (1)

[i] चीन [ii] अमेरिका [iii] पाकिस्तान [iv] भारत

(घ) नदियाँ किसकी धारा बहा रही हैं ? (1)

[i] जल की [ii] अमृत की [iii] सरसता की [iv] दूध की

**प्रश्न-3 सही विकल्प का चयन कीजिए -**

(क) 'अभी न होगा मेरा अंत' अभी किसका अंत नहीं होगा ? (1)

[i] वसंत का [ii] कवि के जीवन का [iii] प्रभाव का [iv] कलियों का

(ख) 'दीवानों की हस्ती' कविता के रचयिता कौन है ? (1)

[i] महादेवी वर्मा [ii] भगवतीचरण वर्मा [iii] सुभाष गताहे [iv] जया जादवानी

(ग) कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' खिले फूलों को कहाँ का द्वार दिखाना चाहते हैं ? (1)

[i] उपवन का [ii] विद्यालय का [iii] अनंत का [iv] सरोवर का

(घ) 'छककर सुख-दुख के घुटों को हम एक भाव से पिए चले |' पंक्ति का आशय है— (1)

[i] दीवाने सुख में बहुत सुखी हो जाते हैं [ii] दीवाने दुख सहन नहीं कर पाते

[iii] दीवाने अपने सुखों की परवाह नहीं करते [iv] दीवाने सुख-दुख को समान भाव से लेते हैं

(ड.) "उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उसका लगा | मानो हवा के ज़ोर से सोता हुआ सागर जगा |" (1)
पंक्ति में अलंकार होगा -

[i] अनुप्रास अलंकार [ii] यमक अलंकार [iii] उत्प्रेक्षा अलंकार [iv] रूपक अलंकार

(च) जो शब्दांश किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं उन्हें कहते हैं ? (1)

[i] प्रत्यय [ii] उपसर्ग [iii] कृत प्रत्यय [iv] तद्धित प्रत्यय

(छ) पद किसे कहते हैं ? (1)

[i] वर्णों के समूह को [ii]शब्दों के समूह को

[iii]वाक्य में प्रयुक्त शब्द को [iv]शब्दों के परिचय को

(ज) मोहन जोदड़ों की सभ्यता कितने वर्ष पुरानी है ? (1)

[i] 500 वर्ष [ii] 5000 वर्ष [iii] 1000 वर्ष [iv] 10000 वर्ष

(झ) हर्षवर्धन ने ----------------- को अपनी राजधानी बनाई | (1)

[i] अलकापुरी [ii] उज्जयिनी [iii] अजंता [iv] अहमदनगर

(ञ) अहमदनगर का किला नेहरू जी के जीवन की ----------------- जेल यात्रा थी | (1)

[i] छठवीं [ii] सातवीं [iii] आठवीं [iv] नौवीं

**प्रश्न-4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए--**

(क) "हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें | पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है |" लेखक एवं उनके मित्रों को ट्रेन कहाँ से पकड़नी थी ? (2)

[i] पन्ना से [ii] सतना से [iii] जबलपुर से [iv] कटनी से

(ख) भगवान के डाकिए इस संसार को क्या संदेश देना चाहते हैं ? (2)

[i] आपसी प्रेम का [ii] विश्वबंधुत्व का [iii] भेदभाव न करने का [iv] निरंतर आगे बढ़ने का

(ग) 'एस.एम.एस.' क्या है ? (2)

[i] चिट्ठियों द्वारा भेजा गया संदेश [ii] तार द्वारा भेजा गया संदेश

[iii] मोबाइल फ़ोन द्वारा भेजा गया लिखित संदेश [iv] मोबाइल फ़ोन से की गई बातचीत

(घ) उचित पर्यायवाची शब्दों का मिलान कीजिए— (2)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) पत्थर | (i) सहरी |
| (ब) नाव | (ii) पाषाण |
| (स) तलवार | (iii) किश्ती |
| (द) मछली | (iv) कृपाण |

(ड.) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए— (2)

(i) काल (ii) घन

(च) निम्नलिखित वाक्यों में एकार्थक शब्दों का प्रयोग सही है या गलत बताइए— (2)

(i) मेरे लिए मेरी माँ का प्यार बहुमूल्य है |

(ii) सफलता पाने के लिए हमें परिश्रम करना चाहिए |

## खंड 'ब'

**प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए--** (3x3=9)

(क) बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था ?

(ख) फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है ?

(ग) पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता ?

(घ) "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस में सफ़र नहीं करते |" लोगों ने यह सलाह क्यों दी ?

**प्रश्न-6 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए--** (4x2=8)

(क) बादल और पक्षियों को डाकिए कहना कहाँ तक उचित है ? स्पष्ट कीजिए |

(ख) जीवन के प्रति कवि भगवतीचरण वर्मा का नजरिया कितना उचित है ? अपने विचार प्रकट कीजिए |

(ग) अन्य सरकारी विभागों की अपेक्षा डाक विभाग का गुडबिल बहुत अधिक है | स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न-7** दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ? (5x1=5)

**अथवा**

"हमारे महान मनीषियों के सपनों का भारत है और रहेगा |" आपके विचार से हमारे महान विद्वानों ने किस तरह के भारत के सपने देखे थे ? लिखिए |

**प्रश्न-8 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** (10)

(क) 'अत्यंत' शब्द में उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए |

(ख) "सतयुग में अत्याचार और अधर्म नहीं था |" वाक्य में उन शब्दों को रेखांकित कीजिए, जिनमें उपसर्गों का प्रयोग किया गया है |

(ग) 'मनौती' शब्द से मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए |

(घ) 'सरला की माँ अध्यापिका है |' वाक्य में से **सरला** और **अध्यापिका** पदों का परिचय दीजिए |

(ड.) 'निर्धन के धन-सी तुम आई |' वाक्य में कौन-सा अलंकार है और इसकी पहचान क्या है ?

**अथवा**

अतिशयोक्ति अलंकार का एक उदाहरण दीजिए |

**प्रश्न-9 भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है और क्यों ?** (3)

**प्रश्न-10 किसी एक विषय पर संवाद लिखिए--** (5)

(क) व्यायाम का लाभ बताते हुए दो मित्रों के मध्य हुई बातचीत का संवाद-लेखन कीजिए |

(ख) देर से सोकर उठने वाले पुत्र और माँ के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए |

(ग) परीक्षा कक्ष से बाहर निकल रहे दो छात्रों के मध्य हुई बातचीत का संवाद-लेखन कीजिए |

**प्रश्न-11** गणित एवं विज्ञान की अतिरिक्त कक्षाएँ आयोजित करने के संबंध में प्राचार्य को **प्रार्थना पत्र** लिखिए | (5)

**अथवा**

स्वच्छता अभियान का महत्त्व बताते हुए अपनी छोटी बहन को **पत्र** लिखिए |

**प्रश्न-12 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए---** (5)

(क) विद्यालयी बच्चों की सुरक्षा

(ख) इंटरनेट : एक संचार क्रांति

(ग) प्राकृतिक आपदाएँ

(घ) मेरे सपनों का भारत